"सत्य केवल उनके लिए ही कड़वा होता है जो लोग झूठ में रहने के आदि हो चुके हो !!"

yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..


# यश भारत

राजीव गांधी जयंती आज



• वर्ष- 17 अंक 199- • जबलपुर • रविवार, 20 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • श्रावण शुक्ल पक्ष 4 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935

### आज का मौसम



आज सुबह का तापमान 24.9डिग्री
दोपहर 12 बजे तक 28 डिग्री
हल्की बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### पाक में एक किलो आटा 142 रुपये का

इस्लामाबाद • ईएमएस
yashbharat.co.in

कंगाली की दहलीज पर खड़े पाकिस्तान में एक बार फिर आटे की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है। कीमतों में इतनी ज्यादा बढ़ोत्तरी ने गरीब पाकिस्तानियों की थाली से दो वक्त की रोटी तक को छीन लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, कार्यवाहक सरकार ने पूरे पाकिस्तान में यूटिलिटी स्टोर्स पर आटे की कीमतों में भारी वृद्धि की है। लाहौर मे यूटिलिटी स्टोर्स में 20 किलो आटे की थैली की कीमत में 1544 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जबकि 10 किलो की कीमत में 772 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। इस वृद्धि के बाद पाकिस्तान में 20 किलो आटे की कीमत 1296 रुपये से बढ़कर 2840 रुपये हो गई है, जबकि 10 किलो बैग की कीमत 1420 रुपये हो गई है। इससे पहले, पंजाब की प्रांतीय राजधानी के खुले बाजार में 20 किलो आटे के बैग की कीमत 2,900 रुपये तक थी।

### माली में हमला, महिलाओं सहित 21 लोगों की मौत

बमाको • ईएमएस
yashbharat.co.in

अफ्रीकी देश माली में एक हमले में 21 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार को बंदूकधारियों ने मध्य माली के मोप्ती क्षेत्र में बसे एक गांव में हमला कर दिया था। इस दौरान उन्होंने 21 लोगों की हत्या कर दी।विदेशी मीडिया के अनुसार, स्थानीय सूत्रों ने शनिवार को बताया कि मोप्ती के बंदियागारा शहर के पास बसे यारू गांव में शुक्रवार दोपहर को कुछ हमलावर घुसे। उन्होंने निशाना लगाकर गोलीबारी की। हमले में महिलाओं सहित 21 लोग मारे गए। वहीं 11 लोग घायल हैं। फिलहाल किसी भी समूह ने अबतक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### पीसीसी दफ्तर में मध्यप्रदेश कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक शुरू भी मंथन।

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ तमाम राजनीतिक दल अपनी चुनावी रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। इसी सिलसिले में आज कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई पीसीसी दफ्तर में चुनाव समिति की बैठक कर रही है। कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमल नाथ की अगुआई में यह बैठक सुबह करीब साढ़े दस बजे शुरू हुई। बैठक में दिग्विजय सिंह, डा. गोविंद सिंह, अरुण यादव, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया समेत अन्य सदस्य मौजूद हैं।इस बैठक में भाजपा से मिल रही चुनौतियों का तोड़, चुनाव प्रचार के मुद्दे, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की सागर में 22 अगस्त को प्रस्तावित सभा, चुनाव प्रचार के लिए अन्य राष्ट्रीय नेताओं के दौरे की रूपरेखा, उम्मीदवारों के चयन सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जा रही है।

#### उम्मीदवारों के चयन पर मंथन

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बैठक में उम्मीदवार तय करने को लेकर सिंगल लाइन का प्रस्ताव भी आ सकता है। इसके बाद इसे स्क्रीनिंग कमेटी के ऊपर छोड़ सकती है। कहा यह भी जा रहा है कि यदि इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनी तो प्रत्याशी घोषित करने के लिए उम्मीदवारों के नामों का पैनल स्क्रीनिंग कमेटी और केंद्रीय कार्यालय को भेजा जाएगा। इसके बाद स्क्रीनिंग कमेटी सर्वे और तमाम रिपोर्ट्स के आधार पर सबसे मजबूत दावेदार के नाम पर मुहर लगा सकती है।

आयोजन — मप्र कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार विभाग के विधिक विमर्श कार्यक्रम में प्रदेश भर के अधिवक्ता हुये शामिल

# अधिक्ताओं के इतने बड़े सम्मेलन से मुझे बल और शक्ति मिली : कमलनाथ

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

अधिवक्ताओं के इतने बड़े सम्मेलन ने मुझे अभिभूत कर दिया है, निश्चित रूप से मुझे बल और शक्ति मिलेगी। मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार की कोई सीमा नहीं बची है। अबकी बार भ्रष्टाचार की व्यवध्स्था से हमारा मुकाबला होगा। प्रदेश में युवाओं को रोजगार मिलने की सिर्फ घोषणाएं होती हैं। झूठ के आश्वासन से जनता का पेट नहीं भरता। आगामी विधानसभा चुनाव मध्यप्रदेश का भविष्य तय करेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने भोपाल के बीएसएस कॉलेज में मप्र कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार विभाग द्वारा आयोजित विधिक-विमर्श कार्यक्रम में शिवराज सरकार को घेरते हुए अपने संबोधन में यह बात कही। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तन्खा, राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, नेताप्रतिपक्ष गोविंद सिंह, शशांक शेखर सहित कांग्रेस के तमाम बड़े नेता मौजूद थे।



### एडवोकेट वेलफेयर एंड प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाए

मप्र कांग्रेस विधि एवं मानव अधिकार विभाग के अध्यक्ष शशांक शेखर ने निम्न मांगे रखते हुये कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर एडवोकेट वेलफेयर एंड प्रोटेक्शन एक्ट लाया जाए, ओल्ड एज पेंशन की व्यवस्था की जाये, सहयोग राशि बार कार्उसिल और एसोसिएशन को दें, नए वकीलों को कम से कम 3 साल तक स्टायपेंड मिले। वकीलों के स्वास्थ्य सुविधा और खर्च की व्यवस्था की जाए। वकील परिवार के स्वास्थ्य की चिंता करें। वकीलों के कोर्ट परिसर के चैम्बर और कमरों के बिजली बिल का खर्च सरकार उठाए। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा, पूर्व मंत्री एन.पी. प्रजापति, तरूण भानोट ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, विधायक आरिफ मसूद, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अन्नू भैया, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, सै. साजिद अली, जे.पी. धनोपिया, अजय गुप्ता, अन्नी भैया मौजूद रहे।

### वकीलों को चुनाव में प्राथमिकता दीजिए: तन्खा

कार्य म में सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्त ा राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा ने मंच से वकीलों से जुड़ी मांगे रखते हुए कहा, वकालत अब सबसे पसंदीदा पेशा हो गया है, युवा इस पेशे में आ रहा है, मध्य प्रदेश में 1 लाख 35 वकील हैं। ये वकील किसी भी पार्टी के लिए भाग्यविधाता हैं, कमलनाथ जी, दिग्विजय जी आप वकीलों को चुनाव में प्राथमिकता दीजिए। हमारी पांच मुख्य मांगें हैं। सरकार बनने पर इन्हें पूरा कीजिए। श्री तन्खा ने कहा कि अधिवक्त ाओं की मांगों को लेकर मैं पूर्व सीएम कमलनाथ को एक पत्र लिख चुका हूं जिसमें सरकार बनने पर एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने, पेंशन स्कीम शुरू करने, हेल्थ इंश्योरेंस, स्टायपेंड बढ़ाने और सभी बार एसोसिएशन के बिजली बिल माफ करने की मांग की।





### कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए अधिवक्ता एकत्रित हुए

कमलनाथ ने कहा कि अधिवक्त ा समाज सेवी होता है, उनका समाज में सम्मान होना चाहिए। समाज में साम्य स्थापित करना कानून का उद्देश्य है। मुझे पूरा विश्वास है कि अधिवक्त ागण कांग्रेस पार्टी की मजबूती के लिए एकजुट हुये हैं वह जनता के बीच जाकर प्रदेश की भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार, जनविरोधी नीतियों और जनता पर हो रहे अत्याचारों को कानूनी स्तर पर खोलेगी। भाजपा सरकार में प्रदेश में भ्रष्टाचार की व्यवस्था बनी हुई है, 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार चल रही है। जहां देखों वहां भ्रष्टाचार, घोटालों की लंबी फेहरिस्त है। महिला, किसान, युवा सभी के साथ धोखा कर रही है भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर अधिवक्ताओं की मांगों पर ध्यान रखकर उनके साथ न्याय किया जायेगा। राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह ने कहा कि 2018 में विवेक तन्खा ने कांग्रेस के समर्थन में हजारों वकील खड़े किए। तब हमने सरकार बनाई थी। एक बार फिर सबसे ज्यादा वकील जुड़े है, उम्मीद है कि हम पूर्ण बहुत से सरकार बनाएंगे। नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा, मैंने पहली बार इतना बड़ा अधिवक्त ा सम्मेलन नहीं देखा, जिसमें वकीलों ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है, आज संविधान पर हमला हो रहा है, उसकी आपको रक्षा करनी है।

# अमित शाह आज भोपाल में पेश करेंगे भाजपा सरकार के चार कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मिशन को लेकर मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के 20 साल का रिपोर्ट कार्ड रविवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भोपाल में जारी करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे हाल भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शाह द्वारा 'गरीब कल्याण महाअभियान' की भी शुरुआत की जाएगी। शाह ग्वालियर से मध्य प्रदेश के मन में मोदी का उद्घोष करेंगे। शाह जनता के भाजपा पर 20 साल का विश्वास और विकास पर पत्रकारों से वार्ता भी करेंगे। वहीं ग्वालियर में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में 'एमपी के मन में मोदी' अभियान के बैनर तले सदस्यता अभियान लांच करेंगे और 40 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य देंगे। प्रदेश भर के 1500 से अधिक पार्टी सदस्यों को संबोधित भी करेंगे। जहां कमल निशान, वहां गरीब कल्याण मोदी के इस मंत्र के सहारे अमित शाह पार्टी कार्यकर्ताओं विजयश्री के लिए कार्य करने का रास्ता दिखाएंगे। शाह की भोपाल और ग्वालियर में अगवानी के लिए मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों को मिनिस्टर इन वेटिंग बनाया गया है। भोपाल में राज्य के गृह मंत्री डा. नरोत्तम मिश्रा और ग्वालियर में जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट शाह की अगवानी करेंगे।



### एक माह पहले से बनाया जा रहा था रिपोर्ट कार्ड

एक माह पहले से रिपोर्ट कार्ड तैयार करने में अधिकारी जुटे हुए थे। वर्ष 2003 से लेकर 2018 और मार्च 2020 से लेकर अब तक प्रदेश में हुए कार्य का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखा जाएगा। इसमें 2003 तक रही कांग्रेस सरकार और उसके बाद भाजपा सरकार के कामकाज की तुलना भी रहेगी। 15 भागों में तैयार किए गए इस रिपोर्ट कार्ड में अग्रणी मध्य प्रदेश, गरीब कल्याण, महिला सम्मान, किसान कल्याण, सर्वजन कल्याण, स्वास्थ्य, सशक्त युवा, शिक्षा, उद्योग व अर्थव्यवस्था, आधारभूत संरचना, कानून व्यवस्था, कामकाजी व कर्मचारी वर्ग कल्याण, मध्य प्रदेश सरकार का जनभागीदारी माडल, संस्कृति व सुशासन के क्षेत्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों का विवरण दिया जाएगा।

### पक्षी के मुंह से गिरी मछली ने न्यू जर्सी में पावर ग्रिड को ही किया ठप

न्यू जर्सी • एजेंसी
yashbharat.co.in

अमेरिका में आसमान से गिरी एक मछली ने कुछ घंटों के लिए हजारों लोगों को अंधेरे में रहने के लिए मजबूर कर दिया। दरअसल, यह मछली एक समुद्री पक्षी ऑस्प्रे के मुंह से बिजली की लाइन पर गिर गई थी। इससे न्यू जर्सी में पावर ग्रिड में शॉर्ट सर्किट हो गया और बिजली गुल हो गई। इस घटना ने न्यू जर्सी के बाहरी इलाके में रहने वाले हजारों लोगों को कई घंटों के लिए अंधेरे में रहने के लिए मजबूर कर दिया। कई घंटों की मशक्क त के बाद बिजली कंपनी ने फिर से सप्लाई चालू की। जर्सी सेंट्रल पावर एंड लाइट कंपनी के प्रवक्त ा ि स होनिग के अनुसार, न्यूयॉर्क के स्टेटन द्वीप के दक्षिण-पश्चिम में स्थित सायरविले में एक पक्षी की पकड़ से गिरी एक मछली एक ट्रांसपोंडर पर जा कर अटक गई। उन्होंने बताया कि जानवरों के संपर्क के कारण बिजली कटौती एक सामान्य कारण है, हालांकि, मछलियों के कारण ऐसी घटना दुर्लभ है।

### लद्दाख में सेना की गाड़ी के गहरी खाई में गिरी 9 जवान शहीद

लेह • ईएमएस
yashbharat.co.in



केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के लेह जिले में शनिवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से 9 सैनिकों की मौत हो गई. अधिकारियों ने बताया कि घटनास्थल पर बचाव अभियान चल रहा है. पांच गा?ियों का काफिला था जिनमें से एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गया. लेह के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पी डी नित्या ने कहा कि सेना के वाहन में 10 जवान सवार थे और यह वाहन लेह से न्योमा की ओर जा रहा था। उन्होंने बताया कि रास्ते में वाहन के चालक ने वाहन पर से अपना नियंत्रण खो दिया और वाहन शाम 4.45 बजे खाई में गिर गया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख जताया है. पीएमओ की तरफ से किए गए ट्वीट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने कहा है कि लेह के पास दुर्घटना से दुख हुआ जिसमें हमने भारतीय सेना के कर्मियों को खो दिया. राष्ट्र के प्रति उनकी समृद्ध सेवा सदैव याद रखी जायेगी. शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं. जो लोग घायल हैं वे जल्द से जल्द ठीक हों।

एक हजार की राशि को बढ़ा कर 3000 प्रति महीने करूंगा

# लाड़ली बहना योजना है जिंदगी बदलने का मिशन : मुख्यमंत्री

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि लोग जो कहते हैं वह सरकार करती है। लाड़ली बहना जैसी योजना जिंदगी बदलने का मिशन है, जिसने बहनों की जिंदगी बदल दी। मुख्यमंत्री श्री चौहान सीहोर जिले के छीपानेर में छोटे छीपानेर से बड़े छीपानेर को जोड़ने वाले रामलखन सेतु के लोकार्पण के साथ 63 करोड़ 49 लाख रूपये के कार्यो का भूमि-पूजन और 67 करोड़ 63 लाख रुपए के निर्माण कार्यो का लोकार्पण करने के बाद ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने 7 आश्रित को अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश भी प्रदान किए। कृषि विकास एवं किसान-कल्याण मंत्री कमल पटेल और अन्य जन-प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि लोगों की जिंदगी बदलना ही उनका मिशन है। पूरा जीवन लोगों के कल्याण में लगाकर उनका जीवन सार्थक हुआ है। लाड़ली बहना योजना के रूप में बहनों के कल्याण के लिए जो दुनिया में कहीं नहीं हुआ, वह मध्यप्रदेश में हुआ है। उन्होंने बहनों से कहा कि यह एक हजार रुपए नहीं है यह महिलाओं की समाज और परिवार में सम्मान तथा इज्जत का प्रतीक है। बहनों की मजबूरी उन्होंने देखी है। योजना की एक हजार रूपये की राशि को बढ़ा कर 3000 प्रति महीने करूंगा। उन्होंने बहनों से कहा कि वे 27 तारीख को होने वाले रक्षा-बंधन कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना और आवास प्लस में जिन गरीबों के नाम नहीं आए हैं, वे चिंता नहीं करें। प्रदेश में कोई भी बिना पक्के आवास के नहीं रहेगा, जिनके पास जमीन नहीं है और जिनके कच्चे मकान है उन सबको पक्के मकान दिए जायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि परिवार की तरह सरकार चलाने का मतलब है हर सुख-दुख में साथ होना। एक तरफ विकास और दूसरी तरफ जन-कल्याण ही सरकार का संकल्प है। उन्होंने आयुष्मान योजना का दायरा भी बढ़ाने की घोषणा की जिससे अधिकतम नागरिक और परिवार उपचार की सुविधा से जुड़ सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि छीपानेर सहित आसपास के गाँव में सिंचाई के लिए प्रेशर पाइप डाले जाएंगे और इसके लिए अतिरिक्त धनराशि स्वीकृत की जायेगी। उन्होंने कहा कि चाहे पीने का हो या सिंचाई का पानी, नर्मदा मैय्या से प्रार्थना कर घर और खेतों तक पानी पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य पर कोई भी सरकार मूंग नहीं खरीदती पर उन्होंने 7200 रुपए क्विंटल में खरीदी है। उन्होंने किसानों से कहा कि वे चिंता नहीं करे अभी हमने किसानों के कर्ज की 2200 करोड़ की ब्याज राशि डाली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान-कल्याण निधि के 6-6 हजार रुपए की राशि छोटे किसानों का बड़ा भला करेगी। मुख्यमंत्री ने बच्चों से खूब पढ़ने की अपील करते हुए कहा कि छठवीं और नवमीं में दूसरे स्कूल जाने वाले बच्चो को उन्होंने हाल ही में साइकिल की राशि दी है। अब 23 तारीख को बारहवीं में स्कूल में टाप करने वाले एक-एक बेटा और बेटी को स्कूटर और स्कूटी दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज 46 लाख लाड़ली लक्ष्मी बिटिया है और इन्हें भी 6वीं से छात्रवृत्ति दी जा रही है। मेधावी बच्चों की आई आई टी,मेडिकल और दूसरी उच्च शिक्षा की फीस भी सरकार भरेगी।

# लद्दाख के लोग कह रहे चीन की सेना घुसी है... स्थानीय लोगों से मिलकर बोले राहुल गांधी

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि लद्दाख में लोग कह रहे हैं कि चीन की सेना यहां घुस रही है। राहुल गांधी ने यहां लोगों से मिलने पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने बोले, यहां चिंता की बात यह है कि बेशक चीन ने जमीन छीन ली है...लोगों का कहना है कि चीन की सेना इलाके में घुस आई है। लोगों की चरागाह जमीन छीन ली गई है, लेकिन पीएम ने कहा कि एक इंच जमीन नहीं छीनी गई, लेकिन ऐसा नहीं है सच है, आप यहां किसी से भी पूछ सकते हैं।

#### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर किया नमन

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर लद्दाख में पैंगोंग झील के तट पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। वहीं, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और रॉबर्ट वाड्रा दिल्ली में वीर भूमि पर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया। स्थानीय लोगों ने कहा कि चीन की सेना घुसी है। लोग कहते हैं कि चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने पिता राजीव गांधी की जयंती पर ट्वीट किया कि पापा, आप की आंखों में भारत माता के लिए जो सपने थे, इन अनमोल यादों से छलकते हैं। आपके निशान मेरा रास्ता हैं- हर हिंदुस्तानी के संघर्षों और सपनों को समझ रहा हूं, भारत मां की आवाज सुन रहा हूं। 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35 (ए) को हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर को दो केंद्र शासित प्रदेशों, लद्दाख और जे-के में विभाजित किए जाने के बाद से राहुल की यह पहली लद्दाख यात्रा है।

# चंदा मामा के पास लंबा टिकेगा अपना चंद्रयान



### लैंडिंग से पहले भारतीयों के लिए आई खुशखबरी

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

चंदा मामा से मिलने को अपना चंद्रयान-3 बेकरार है। बीती रात जब हम सो रहे थे अपने विक्रम लैंडर ने चांद की तरफ एक और कदम बढ़ाया। धीरे-धीरे वह चांद की सतह के करीब जा रहा है। 23 अगस्त की शाम का इंतजार करने के साथ ही प्रार्थना कीजिए, भारत चांद पर होगा। इस बीच, विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग से ठीक पहले चंद्रयान-3 से गुड न्यूज आई है। जी हां, प्रॉपल्शन मॉड्यूल में 150 किग्रा से ज्यादा ईंधन बचा है। वही मॉड्यूल जिससे विक्रम लैंडर कुछ घंटे पहले अलग हुआ। पहले यह माना गया था कि यह तीन से छह महीने तक काम कर पाएगा लेकिन अब इसके कई वर्षों तक काम करते रहने की संभावना है। इसरो के चेयरमैन एस. सोमनाथ ने एक अखबार को बताया कि प्रॉपल्शन मॉड्यूल के पास काफी ईंधन बचा है, जो हमारी उम्मीद से भी ज्यादा है। इसकी वजह यह है कि चांद के रास्ते में सब कुछ नॉर्मल रहा। किसी तरह की आपात स्थिति या करेक्शन की जरूरत नहीं पड़ी जिसमें ईंधन ज्यादा खर्च होता। इसरो चीफ ने कन्फर्म किया है कि अभी 150+ किग्रा ईंधन बचा है। 14 जुलाई को लॉन्च के समय प्रॉपल्शन मॉड्यूल में 1,696.4 किग्रा ईंधन लोड किया गया था। 15 जुलाई से 17 अगस्त के बीच उसने धरती की कक्षा में पांच मैनूअर पूरे किए, चांद की कक्षा में भी पांच प्रक्रियाएं पूरी की गईं। इसके बाद वह लैंडर से अलग हुआ।

#### रूस के लूना-25 यान में आई तकनीकी खराबी

चंद्रमा पर पहुंचने की होड़ में भारत, रूस से आगे निकलता दिख रहा है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने जहां चंद्रयान-3 लांच किया है, जो सटीक तरीके से अपने मिशन पर चल रहा है, वहीं रूसी अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस द्वारा छोड़े गए यान लूना-25 में तकनीकी खामी आ गई है। इसके चलते इसकी कक्षा नहीं बदली जा सकी।रूस की अंतरिक्ष एजेंसी रोस्कोस्मोस ने कहा कि उसके अंतरिक्ष वैज्ञानिक स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। लूना-25 को सोमवार को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरना था। इसके लिए लैंडिंग से पहले कक्षा बदली जानी थी, लेकिन तकनीकी दिक्कत के कारण नहीं बदली जा सकी।

# पत्नी, बेटा-बेटी की तलवार से काटकर हत्या, पति ने भी किया सुसाइड

### दो बच्चे जान बचाकर भाग निकले, बड़नगर के बालोदा आरसी में वारदात

बड़नगर-उज्जैन • यशभारत
yashbharat.co.in

उज्जैन जिले में बड़नगर तहसील मुख्यालय के समीप ग्राम बालोदा आरसी में शनिवार देर रात सनसनीखेज वारदात हुई है। एक पिता ने पत्नी और दो बच्चों की तलवार से हत्या कर दी और फिर खुद का भी गला रेत लिया। इससे उसकी भी मौत हो गई। दो बच्चों ने छत से कूदकर जान बचाई। पुलिस ने मौके पर पहुंच तफ्तीश शुरू की है। उज्जैन से एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची है। जानकारी के अनुसार दिलीप पवार पर कुत्ता भौंक रहा था। वह घर से तलवार लेकर कुत्ते को मारने के लिए दौड़ा। पत्नी गंगा पवार ने समझाया तो आरोपी ने उसकी हत्या कर दी। इसके बाद बेटी नेहा (17), फिर बेटे योगेंद्र (14) को भी तलवार से हमला कर मार डाला। घर में मौजूद दो और बेटे छत पर भागे और वहां से कूदकर जान बचाई। बाद में दिलीप ने भी तलवार से अपना गला काटकर खुदकुशी कर ली। कुछ ही देर में गांव के लोग भी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।



#### वारदात के पीछे यह कारण आ रहे सामने

अभी तक की जांच में पता लगा है कि दिलीप ने हाल ही में कुछ जमीन बेची थी। उसके तीस लाख रुपये आए थे। वह सट्टा भी खेलता था और बीते दिनों बड़ी रकम हार गया था। इसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। यह भी बताया जा रहा है कि शनिवार रात को घर में कुत्ता घुसने और दिलीप द्वारा उसे मारने को लेकर घर में विवाद की स्थिति बनी थी। पुलिस का कहना है कि वह सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। शवों को पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## » न्यूज गैलरी

### हिमांशु की तीसरी किताब विधि का विधान का हुआ विमोचन



**जबलपुर,यशभारत।** लेखक हिमांशु चाटे की नई पुस्तक विधि का विधान प्रकाशित हुई है जिसका विमोचन हिमांशु के द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार भोपाल में जन्मे लेखक हिमांशु चाटे के द्वारा इससे पहले वर्ष 2015 में डेस्टीन्ड टू डिपार्ट, 2017 में रैना- द लाइट ऑफ माय सॉल प्रकाशित हो चुकी है। हिमांशु चाटे एक कुशल एवं कल्पनाशील लेखक है जिन्होनें भोपाल के साथ विभिन्न शहरों में शिक्षा प्राप्त की है।

### जबलपुर विश्व वाणी संस्थान का वार्षिक महोत्सव आज

**जबलपुर, यशभारत।** विश्व वाणी हिंदी संस्थान अभियान जबलपुर का वार्षिक उत्सव आज स्वामी दयानंद सभागार बाराट मार्ग नेपियर टाउन जबलपुर में चार सत्रों में संपन्न होने जा रहा है। जिसमे क्षण के साथ चला चल काव्य संग्रह आचार्य कृष्ण कांत चतुर्वेदी हदी सोनेट सलिला सामूहिक सोनेट संग्रह आचार्य संजीव वर्मा सलिल चल कबीरा लौट चल नवगीत संग्रह जयप्रकाश श्रीवास्तव की काव्य कृतियों का लोकार्पण इंजीनियर अमरनाथ लखनऊ ,डॉक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा डॉक्टर अरविंद श्रीवास्तव दतिया डॉक्टर अवधी हरि लखनऊ ,डॉक्टर अनिल जैन दमोह,सरला वर्मा भोपाल ,तथा और नीलम कुलश्रेष्ठ के मुख्य आतिथ्य में होगा । संस्था के संस्थापक आचार्य संजीव वर्मा सलील, बसंत शर्मा मीणा भट्ट डॉ अनिल बाजपेई छाया सक्सेना हरी सहाय पांडे अस्मिता शैली शोभित वर्मा डॉ मुकुल तिवारी अजय मिश्रा एवं मनीषा सहाय ने उपस्थिति की अपील की है।

### नागपंचमी के अवसर पर विशाल इनामी दंगल कल

**जबलपुर,यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्व. ईश्वरदास रोहाणी, स्व. ठाकुर प्रसाद जसेले की स्मृति में नागपंचमी के पावन अवसर पर सोमवार को दोपहर 2 बजे से एक दिवसीय भव्य विशाल इनामी दंगल का आयोजन खेरमाई परिसर, कजरवारा में किया गया है, जिसमें जबलपुर के अलावा आसपास के क्षेत्रों के अखाड़ों के महिला एवं पुरूष पहलवान भी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद राकेश सिंह, विशिष्ट अतिथि कैंट विधायक अशोक रोहाणी, वरिष्ठ भाजपा नेता दीपांकर बैनर्जी, भारतीय शैली कुश्ती महासंघ के उपाध्यक्ष अर्जुन यादव, पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल, अमित अग्रवाल, पार्षद किशन दास चौधरी, कुलदीप सिंह गिल, नकूल गुप्ता, तुलसी चमकेले आदि उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन समिति के सचिव मंतो पहलवान, जसेले परिवार के द्वारा किया जाता है, और निर्णायक की भूमिका दीपक रजक, प्रवीण पहलवान, सतीश पहलवान, अरूण, राकेश यादव, राजू यादव निभाएंगें।

### हरियाली तीज में शिशु वाटिका में रोपे गए पौधे



जबलपुर,यशभारत। शिशु वाटिका नरसिंह मंदिर जबलपुर में हरियाली उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों ने पौधे रोपित किए। इस अवसर पर आचार्य भगवानदास विश्वकर्मा , सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंह मंदिर की प्राचार्य मधु अवस्थी द्वारा बच्चों को पर्यावरण संबंधित जानकारी दी गई और फल वितरण किए।

## आवारा एवं पालतू मवेशियों के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाएं

# सड़कों पर गोवंश, गोशालाएं पड़ीं खाली, भीड़-भाड़ वाले इलाकों में मवेशी मचा रहे कोहराम, जिम्मेदार बन रहे अनजान

**जबलपुर,यशभारत। आवारा मवेशियों को गौशालाओं को संरक्षण देने की जिम्मेदारी सही ढ़ंग से नहीं निभाने के कारण शहर की मुख्य सड़कों पर मवेशियों के झुंड दिखाई दे रहे हैं। जो कि कई बार सड़क दुर्घटना की वजह भी बन रहे हैं। उधर दूसरी तरफ भीड़ वालों इलाकों में सांड़ घुस कर कोहराम मचा रहे हैं जिससे लोगों में दहशत व्याप्त है। मवेशियों की इस धमाचौकड़ी के बीच शासन के जिम्मेदार गोवंश के संरक्षण के लिए महाराष्ट्र बॉर्डर पर गोवंश बनाने की बात कह रहे हैं जिससे गोवंश की तस्करी में रोक लगाई जा सके। जानकारी के अनुसार तिलवारा , रामपुर स्थित कांजी हाउस में भी मवेशियों को रखने की जगह खाली दिखाई दे रही है क्योंकि मवेशी सड़कों पर हैं।**





### ढाई साल हो गए लेकिन कुंडम में नहीं तैयार हो पाया वन्य विहार

विदित हो कि गोवंश के संरक्षण, संर्वधन के लिए कुंडम के गंगईवीर में शासन के जिम्मेदारों द्वारा गोवंश वन्य विहार को बनाने का निर्णय लिया गया था। लेकिन करीब ढाई वर्ष बीत जाने के बाद भी गो वन्य विहार आकार नहीं ले पाया है। वहीं जबलपुर के पिपरिया-उमरिया में भी नगर निगम द्वारा स्मार्ट गोशाला बनाने की कार्ययोजना बनाई थी जो समय के साथ अब सिमटने लगी है।

### कांजी हाउस बंद होने से पशुपालक हुए बेफिक्र

जानकारी के अनुसार पहले नगर निगम द्वारा पशुपालकों द्वारा छोड़े गए मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस में रखा जाता था। पशुपालकों से दो हजार रुपये जुर्माना वसूल कर ही मवेशी छोड़े जाते थे। लेकिन अब चेरीताल स्थित कांजीहाउस बंद कर दिया गया है। नगर निगम भी संख्या, कैटल वाहन व संसाधनों की कमी बताकर मवेशियों को पकड़ने की औपचारिकता निभा रहा है। जिससे पशुपालक भी बेफिक्र हो गए हैं। वे अपने मवेश्यिों को खुला छोड़ देते हैं। इस कारण भी सड़कों पर पालतू और बेसहारा मवेशी नजर आ रहे हैं।

### 3 करोड़ 80 लाख की लागत से गोवंश वन्य विहार का होगा निर्माण

मध्यप्रदेश गोपालन एवं पशुधन संवर्धन बोर्ड की कार्य परिषद के अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के अनुसार गोवंश के संर्वधन और संरक्षण के लिए सभी 54 जिलों में गोवंश वन्य विहार बनाया जाएगा। कुंडम के गंगईवीर में गोवंश वन्य विहार के लिए स्वंय से 10 लाख रुपये की राशि दी है। जबकि अन्य राशि मनरेगा से दी जाएगी। करीब तीन करोड़ 80 लाख की लागत से गोवंश वन्य विहार का निर्माण कराया जा रहा है। जिसकी क्षमता पांच हजार गोवंश के रखने की होगी। श्री गिरि के अनुसार आने वाले कुछ समय में सड़क पर एक भी बेसहारा मवेशी नहीं नजर आएगा।

### रात में नहीं दिखते काले रंग के मवेशी

अधिकांश देखा जाता है कि रात के वक्त सड़कों पर बैठे काले रंग के मवेशी वाहन चालकों को नहीं दिखाई देते और दुर्घटना घटित हो जाती है। मतलब रात के वक्त हादसों का खतरा अधिक हो जाता है। ऐसे में नगर निगम के अमले को सड़कों पर बैठे ऐसे गोवंश को हटाना बेहद जरूरी हो जाता है लेकिन इन दिनों ये कार्य ठीक ढंग से नहीं चल रहा है।

### इन क्षेत्रों की सड़कों में दिख रहे ज्यादा गोवंश

शीतलामाई, रांझी, गोकलपुर, खमरिया, सिविल लाइन, सुहागी, ग्वारीघाट रोड, कांचघर, सदर बाजार, अधारताल, गढ़ा, दमोहनाका, कृषि उपज मंडी, कटंगी रोड, सिविक सेंटर की सड़कों में सबसे ज्यादा गोवंश देखे जा रहे हैं।

### नगर निगम की सीमा की गोशाला में जगह 2200 की लेकिन मवेशी है 1400

जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री गोसेवा योजना के अंतर्गत जबलपुर जिले में मुख्यमंत्री गोसेवा योजना के अंतर्गत 69 गोशालाएं स्वीकृत हुई हैं। जिनमें से 43 का निर्माण हो चुका है । अभी 22 का संचालन हो रहा है इनमें दो का संचालन एनजीओ, 11 जिला पंचायत और 7 अलग अलग समूह संचालित कर रहे हैं। नगर निगम की गोशालाओं में 2200 गोवंश रखने की जगह है लेकिन अभी सिर्फ 1400 वहां पर मौजूद हैं। बाकी जगह खाली पड़ी हुई है।

### पशु मालिकों से होते हैं विवादः हांका गैंग प्रभारी

नगर निगम के हांका गैंग प्रभारी राजेंद्र पटैल के अनुसार आवारा गोवशं को पकड़ने का काम निरंतर किया जा रहा है लेकिन पशु मालिकों से इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति निर्मित होती है और कार्यवाही प्रभावित होती है। इस कार्य में और तेजी लाई जाएगी।

## मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने से पहले कांग्रेसियों को पुलिस ने घर पर किया नजरबंद

जबलपुर,यशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को काले झंडे दिखाने की तैयारी कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने घर में नजरबंद कर दिया जिससे ऐसे कांग्रेसियों में आक्रोश भड़क उठा तो सीएम को काले झंडे दिखाकर प्रदेश में फैले भ्रष्टाचार को लेकर विरोध जताने वाले थे। कांग्रेस नेता विष्णु विनोदिया ने बताया कि प्रदेश सरकार से जनता परेशान हैं। धोखे से हासिल की गई शिवराज सिंह चौहान की इस सरकार ने युवाओं को झूठे वादे किये, बेरोजगारी से युवा परेशान है, महंगाई से परिवार परेशान महिला सुरक्षा सुरक्षित नहीं है शिवराज सिंह के राज्य में गली-गली में नशा बिक रहा है अपराध हो रहे। वहीं अब कुछ माह बाद जब विधानसभा का चुनाव होना है तो सीएम शिवराज सिंह चौहान फिर जनता से फिर झूठे वादे कर रहे हैं। पुलिस ने उनके साथियों आसिफ खान गौरी सेन, आकाश श्रीपाल, अनु पटेल ,अंकित विश्वकर्मा ,संतोष सिंग ,राहुल पटेल ,विशाल यादव को घर पर नजरबंद किया और बाहर नहीं निकलने दिया।

## महाकोशल चेंबर ने प्रोफेशनल टैक्स समाप्त करने की मांग की

जबलपुर ,यशभारत। महाकोशल चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को पत्र प्रेषित करते हुए मांग की है कि प्रोफेशनल टैक्स समाप्त किया जावे। वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत आने वाले प्रोफेशनल टैक्स के तहत व्यापारी एवं उद्योगपतियों तथा पेशेवर लोगों को रु 2500 . प्रतिवर्ष देय है साथ ही उसकी विवरणी भी प्रस्तुत की जाती है। प्रदेश के चेंबर एवं विभिन संघों द्वारा जीएसटी प्रावधान आने के उपरांत से इसे ही पृथक प्रोफेशनल टैक्स को समाप्त करने की मांग उठाई जा रही है। चेंबर सह प्रवक्ता अखिल मिश्र द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि व्यापार एवं उद्योग पर अनेकों टैक्स का भार था। शासन द्वारा सभी करों को समाहित करते हुए वस्तु एवं सेवा कर प्रक्रिया में लाते हुए एक राष्ट्र एक टैक्स की परंपरा प्रारंभ की गई। वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत आने वाले करों में वेट ए सेट्रल सेल टैक्सए प्रवेश करए प्रोफेशनल टैक्स लगता थाद्य जीएसटी लागू होने पर वेट ए सेट्रल सेल टैक्स व प्रवेश कर को समाहित कर दिया गया।

## आजादी के अमृत महोत्सव समापन समारोह में मेरी माटी मेरा देश का भव्य आयोजन



जबलपुर,यशभारत। आधारताल तालाब परिसर में नवनिर्मित अमृत वाटिका परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव समापन समारोह के अंतर्गत ''मेरी माटी-मेरा देश'' अभियान का कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस मौके पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर वाटिका में 75 फलदार पौधे रोपित किए गए। साथ ही शिलाफलकम की स्थापना के साथ पंचप्रण शपथ के साथ वीरो को नमन, अमृत कलश में मिट्टी का संग्रहण के साथ ध्वजा रोहण भी किया गया। इस मौके पर राज्य सभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, के विशिष्ट आतिथ्य एवं क्षेत्रीय पार्षद महेश सिंह राजपूत, विमल राय, शरद श्रीवास्तव, अंजना अग्रहरि ,अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा, उपायुक्त मनोज श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री अजय शर्मा, शिक्षा अधिकारी श्रीमती वीणा वर्गीस,कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, आदित्य शुक्ला, संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा, आलोक शुक्ला, सुरेन्द्र मिश्रा, पवन श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।



## भारत रत्न स्व. राजीव गांधी को कांग्रेसियों ने अर्पित किए श्रृद्धा सुमन

जबलपुर,यशभारत। संचार क्रांति के जनक, आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर रविवार को कांग्रेसियों ने नौदरा ब्रिज स्थित प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर उन्हें श्रृद्धा सुमन अर्पित किए और उनके कार्यों को याद किया। पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही स्व. राजीव गांधी को नमन करते आई है।

## पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल के विखंडन पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने लगाई रोक

**जबलपुर,यशभारत।** पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल के विखंडन पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने लगाई रोक लगाई है। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली ने नोटिफिकेशन (नं. 578) जारी कर स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, नए चिकित्सा संस्थानों की स्थापना, नए चिकित्सा पाठ्यक्रमों की शुरूआत, मौजूदा पाठ्यक्रमों के लिए सीटों की वृद्धि, मूल्यांकन और रेटिंग विनियम 2023 के नियम संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये हैं। इसके अंतर्गत प्रतिवर्ष स्नातक छात्रों के प्रवेश के लिए अनुमोदित प्रत्येक मेडिकल कॉलेज के 21 विभागों की सूची जारी की है।डॉ. पी. जी. नाजपांडे ने बताया कि इस नोटिफिकेशन में रेस्पिरेटरी मेडिसिन तथा इमर्जेंसी विभागों को शामिल नहीं किया गया है। पूर्व में रेस्पिरेटरी विभाग / स्कूल ऑफ एक्सीलेंस इन पल्मोनरी मेडिसिन में चल रहे पाठ्यक्रमों को मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत भेजे जाने की योजना चल रही थी। चूंकि अब आयोग द्वारा जारी सूची में यह विभाग शामिल नहीं किये गये हैं, अतः अब यह पाठ्यक्रम जहाँ थे वहीं पर रहेंगे।

### विखंडन के साजिश में रेग्युलेशन्स को नकारा

डॉ. पी. जी. नाजपांडे, रजत भार्गव एवं डी. आर. लखेरा ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान परिषद् के बोर्ड ऑफ गवर्नर द्वारा विगत 22 जुलाई 2020 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित संशोधन में स्पष्ट किया गया था कि स्वतंत्र मूल विभाग में ही अति-विशेषज्ञता पाठ्यक्रम रहना चाहिये इसके बावजूद भी पल्मोनरी मेडिसिन स्कूल से एमडी तथा डीएम के पाठ्यक्रम हटाकर इस विभाग का विखंडन करने की साजिश हो रही थी। लेकिन 16 अगस्त के आयोग के नोटिफिकेशन से अब इस पर रोक लग गई है।



## डॉ . अभिजात कृष्ण त्रिपाठी धर्मश्री अलंकरण से सम्मानित

जबलपुर, यशभारत। स्वामी श्री परम आराध्य ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी का 54 वे अवतरण दिवस का कार्यक्रम बड़ी ही दिव्यता व हर्षोल्लास के साथ परमहंसी गंगा आश्रम ज्योर्तेश्वर गोटेगांव में मनाया गया । इस अवसर पर श्री जानकी रमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी एवं नाट्य लोक संस्था के दविंदर सिंह ग्रोवर तथा संजय गर्ग का स्मृति चिन्ह प्रदान कर *धर्मश्री अलंकरण* से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अभिमन्यु जैन, राज सागरी, यू. ए. दुबे, सुरेश मिश्र विचित्र, हर्षित झा, विनय शर्मा, आशुतोष दीक्षित, अभिषेक पुजारी, संजय पांडे उपस्थित रहे ।



## हाईटेक मशीनरी से लैस अर्चना पैथोलॉजी लैब का हुआ उद्घाटन

जबलपुर,यशभारत। जबलपुर संभाग में आशा वाली अर्चना पैथोलॉजी लैब का उद्घाटन हुआ जिसमें संभाग के दूर-दूर से आने वाले मरीजों की इम्यूनोलॉजी और इम्यूनो से संबंधित जांचों के लिए हाईटेक मशीनरी लगाई गई है। इन हाईटेक मशीनरों से एक दिन में ही पूरी जांचें होगीं। टॉर्च थायराइड कैंसर से संबंधित ,125 सा आयरन से संबंधित, आयरन स्टडी विटामिन से संबंधित विटामिन की जांच एक ही दिन में जबलपुर में अब उपलब्ध हो चुकी है। आशा वाली लैब की सीईओ डॉक्टर अपर्णा जयराम, डॉक्टर अमित जैन एवं डॉ अमित गुप्ता की उपस्थिति में लैब का उद्घाटन किया गया जिस दौरान पूरा लैब स्टाफ उपस्थित रहा।

## आगा दरगाह में उर्स आज

जबलपुर यशभारत। आगा चौक समीपस्थ हज़रत शाह मीरजा मुर्तुजा हुसैन कादरी रहमतुल्ला अलेह के उर्स के मौके पर आगा दरगाह में दोपहर 2 बजे कुरान ख्वानी की जाएगी जिसके उपरांत चादर शरीफ का जुलूस निकाला जाएगा जो रानीताल स्टेडियम के सामने बारादरी से होते हुए आगा दरगाह पहुंचेगी जहाँ परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर पेश की जाएगी। बाद नमाज़ मगरिब महफ़िलें समा का आयोजन किया गया है जिसमे दरबारी कव्वाल सूफियाना कलाम पेश करेंगे। रात्रि 9 बजे आगा मुहम्मद साहब की दरगाह के सज्जादानशीन हज़रत किब्ला शाह मिरजा हसन निज़ामी इंटरनेट ( स्काइप) के माध्यम से अपने बयान फरमाएंगे।

## भारती क्लब बनी विधायक कप खेल महोत्सव 2023 की विजेता



**जबलपुर,यशभारत।** केंट क्षेत्र में आयोजित खेल महोत्सव विधायक कप 2023 की फुटबॉल प्रतियोगिता में भारती क्लब ने कब्जा करके विजेता बनने का गौरव हासिल किया है। जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल और फाइनल का आयोजन शिवाजी ग्राउण्ड सदर में केंट विधायक अशोक रोहाणी के नेतृत्व में हुआ ,जिसकी अध्यक्षता मेट्रो अस्पताल के संचालक डॉ. सौरभ बडेरिया ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सुनील मिश्रा उपस्थित रहे। इस दिन 2 सेमीफाइनल और एक फाइनल मैच खेले गए। पहला सेमीफाइनल मैच रंग खालसा एवं भारती क्लब के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मैच समय समाप्ति परपर 0 से बराबर रहा। अंतिम निर्णय पैनाल्टी शूटआउट से किया गया जिसमें भारती क्लब ने 3-2 से विजयी हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। दिन का दूसरा सेमीफाइनल सिविल लाइन और पुलिस बॉयज के बीच खेला गया जिसमें पुलिस बॉय ने 5-1 से विजयी प्राप्त कर फाइनल में प्रवेश किया। विधायक कप फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच भारती क्लब एवं पुलिस बॉयज के बीच खेला गया जिसके अंत में भारती क्लब ने संघर्षपूर्ण मैच को 1-0 से जीतकर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। विधायक कप विजेता टीम को विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा 21,000 की नगद राशि ट्रॉफी, मेडल और उपविजेता टीम को 11000 की नगद राशि ट्रॉफी एवं मेडल से पुरस्कृत किया। इस कार्यक्रम में सुंदर अग्रवाल सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे।










स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। ( *पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार )। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

## » न्यूज गैलरी

### पिज्जा डिलीवरी ब्वाय को लूटा बदमाशों ने

भोपाल यशभारत। बदमाशों ने पहले पिज्जा का आर्डर दिया और जब डिलीवरी ब्वाय पिज्जा पहुंचाने के लिए आया तो आरोपियों ने उसे चाकू अड़ाकर उसे लूट लिया। यह घटना शहर के पिपलानी इलाके की है। घटना की शिकायत मिलने के बाद पुलिस आरोपितों की तलाश में जुटी है। पिपलानी पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय शुभम शुक्ला इंद्रपुरी के एक पिज्जा सेंटर में डिलीवरी ब्वाय का काम करता है। बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात एक बजे के करीब एक आर्डर का पिज्जा लेकर पिपलानी गुरुद्वारे के पास आया था। उसने ग्राहक को फोन किया तो उसका फोन काट दिया। बाद में शिफ्ट मैनेजर से बात कराने पर उन्होंने कान्फ्रेंस काल के माध्यम से ग्राहक से बात कराई तो उसने रामलीला मैदान कच्ची मार्केट में आर्डर देने के लिए बुलाया।वहां पहुंचने पर शुभम को तीन लोग मिले। उन लोगों ने उसके गले पर चाकू अड़ा दिया और उसकी जेब से तीन सौ रुपये निकाले और उसका मोबाइल छीनकर भाग गए। बाद में डर के कारण वह अपने घर चला गया। गुरुवार को दिन में मैनेजर को पूरा घटनाक्रम बताया और बाद में उनके साथ पिपलानी थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगे है। पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

### राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम 24 को छिंदवाड़ा में

भोपाल,यशभारत। छिन्दवाड़ा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में 24 अगस्त को होने वाले महिला सम्मेलन तथा अन्य कार्यक्रमों के साथ एमएसएमई विभाग द्वारा सम्मिलित रूप से राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। शेष जिला मुख्यालयों में गुरुवार 24 अगस्त को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सचिव एमएसएमई विभाग पी. नरहरि ने बताया कि जिलों में होने वाले आयोजन की रूपरेखा जिला कलेक्टर के निर्देशन में कार्यक्रम होंगे। स्व-रोजगार योजनाओं को संचालित करने वाले विभागों, जिले के बैंकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के समन्वय से कार्यक्रम होगा।जिला स्तरीय रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के अंतर्गत जिले में लाभान्वित हुए हितग्राहियों को तथा जन-प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जायेगा। इन कार्यक्रमों में हितग्राहियों को स्वीकृति/वितरण-पत्र जन-प्रतिनिधियों के माध्यम से दिलवाये जायेंगे। छिन्दवा?ा में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सजीव प्रसारण को जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रमों में दिखाने की व्यवस्था की जायेगी।अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शीघ्र डीएलसीसी की बैठक आयोजित कर विभिन्न स्व-रोजगार योजनाओं के अंतर्गत अधिक से अधिक प्रकरणों में ऋ्रण स्वीकृति/वितरण सुनिश्चित किया जाए।

### साइंस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा के लिए पंजीयन 15 सितम्बर तक

भोपाल(ईएमएस)। विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्था, एनसीआरटी, एनसीएसएम, मेपकास्ट और विज्ञान भारती संयुक्त रूप से साइंस टैलेंट सर्च प्रतिभा परीक्षा आयोजित करेगी । परीक्षा के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2023 है। कक्षा 6 से 11 तक के विद्यार्थी परीक्षा में भाग ले सकते हैं। परीक्षा में कुल 100 प्रश्न गौरवशाली भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान के प्रति योगदान, बीरबल साहनी का जीवन परिचय ,भारतीय स्वतंत्रता संग्राम और विज्ञान से 40 प्रतिशत, एनसीईआरटी पाठ्यक्रम से 50 प्रतिशत एवं तार्किक शक्ति से 10 प्रतिशत प्रश्न पूछे जायेंगे। परीक्षा 29 और 30 नवंबर 2023 को ऑनलाइन आयोजित होगी। परीक्षा का प्रथम चरण विद्यालय स्तर पर , द्वितीय चरण राज्य स्तर और तृतीय चरण में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा होगी।राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भास्कर एवॉर्ड और दो हजार रुपये प्रति माह एक वर्ष तक छात्रवृत्ति मिलेगी।

### चुनावी तैयारियों को लेकर कहा ,हमारे सेनापति मैदान में आ गए

# कांग्रेस के आरोप पत्र को मुख्यमंत्री ने नकारा

**भोपाल, यशभारत। प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी रस्साकशी तीव्र होती जा रही है। शुक्रवार को राजधानी में कांग्रेस ने शिवराज सरकार के खिलाफ आरोप-पत्र जारी किया। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज ने कांग्रेस पर जवाबी हमला बोला और उसके आरोपों को नकारते हुए इसे उसकी बौखलाहट बताया। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस बौखला गई है, इसलिए ऊल-जलूल आरोपों पर उतर आई है। लेकिन हमें जनता का जो प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है, वह अद्भुत और अभूतपूर्व है। जन दर्शन में भीड़ उमड़ रही है। हमारी कई यात्राएं भी प्रारंभ होने वाली हैं।**



इसी को देखकर कांग्रेस परेशान है।चुनावी तैयारियों को लेकर शिवराज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पूरी तरह से मैदान में है। युद्ध स्तर पर हमारी तैयारियां चल रही है। कांग्रेस कह रही थी कि एक साल पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, 6 महीने पहले उम्मीदवार घोषित करेंगे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी ने तो अपने उम्मीदवार घोषित कर दिए। हमारे सेनापति अब मैदान में हैं। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि विकास पर्व चल रहा है। जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। अलग-अलग गरीब कल्याण और जनकल्याण के कार्यक्रम लगातार किए जा रहे हैं। अभी 22 तारीख को मुख्यमंत्री सीखो और कमाओ योजना का शुभारंभ होने वाला है। लाड़ली बहना जैसी कई योजनाएं हम लोग पहले से ही चला रहे हैं।

#### हमारी तैयारी देखकर कांग्रेस परेशान

शिवराज ने कहा कि हमारी तैयारी देखकर कांग्रेस परेशान है। अभी 20 तारीख को फिर से हमारे नेता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी भोपाल आ रहे हैं। वह सबका रिपोर्ट कार्ड जारी करेंगे। हमने जो काम किया है, उनके बारे में बताएंगे। हमारी विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक फिर ग्वालियर में 20 तारीख को होने वाली है।

#### विजय और विश्वास का संकल्प

विधानसभा के सम्मेलन चल रहे हैं, जन दर्शन चल रहे हैं, अलग-अलग कार्यक्रम चल रहे हैं। हम लोग विजय के संकल्प और विश्वास के साथ मैदान में है। भारतीय जनता पार्टी फिर से भारी बहुमत से 2023 का विधानसभा चुनाव जीत कर सरकार बनाने वाली है। 2024 में लोकसभा की 29 की 29 सीटें भारतीय जनता पार्टी जीतेगी

## मप्र में जन आशीर्वाद यात्रा निकालेगी भाजपा

### जनता के बीच पहुंचेंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल , यशभारत। मध्य प्रदेश में भाजपा जन आशीर्वाद यात्रा निकालेगी। यात्रा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश के पार्टी पदाधिकारी जनता के बीच जाकर विधानसभा चुनाव में जीत के लिए आशीर्वाद लेंगे।**

संभाग और जिलेवार जन आशीर्वाद यात्रा का रोडमैप बनाया मध्य प्रदेश में संभाग और जिलेवार यात्रा का रोडमैप तैयार किया गया है। इनमें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय पदाधिकारियों के अलावा प्रदेश भाजपा के पदाधिकारियों को भी यात्रा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अलग-अलग विधानसभाओं में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव और भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी यात्रा में शामिल होंगे। मंत्रियों की भी विधानसभावार जिम्मेदारी तय की गईमध्य प्रदेश के मंत्रियों की भी विधानसभावार जिम्मेदारी तय की गई है। यात्रा में संघ और संगठन का भी सहयोग लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक की।

बैठक को लेकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने बताया कि भूपेंद्र यादव ने जन आशीर्वाद यात्रा से संबंधित मार्गदर्शन दिया है। अभी यात्रा का मार्ग और स्वरूप निश्चित किया जा रहा है, यात्रा में बड़ी-बड़ी सभाएं भी होंगी। इन सभाओं में केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश का नेतृत्व पहुंचेगा।

## अपहरण कर किया शारीरिक शोषण आरोपी को देवास से किया गिरफ्तार

भोपाल, यशभारत। भोपाल शहर में महिला संबंधी अपराधो पर नियंत्रण रखने तथा पंजीबद्ध मामलो मे आरोपियो की अविलंब गिरफ्तारी करने पुलिस आयुक्त नगरीय भोपाल हरिनारायणाचारी मिश्र तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त भोपाल अवधेश गोस्वामी द्वारा प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं।



जिसके तारतम्य में पुलिस उपायुक्त जोन - 03 भोपाल रियाज इकबाल, अति. पुलिस उपायुक्त जोन-03 व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग हनुमानगंज राकेश सिंह बघेल द्वारा दिए गए दिशा निर्देशानुसार थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज अवधेश सिंह भदौरिया द्वारा टीम गठित कर मामले मे आरोपी एवं उसके पिता की देवास से गिरफ्तारी कराई गई हैं।

पीडिता ने आरोपी साहिल पिता दौलत मंसूरी के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई कि साहिल ने मुझसे शादी करने का बोला था लेकिन घरवालों द्वारा शादी के लिये तैयार नहीं होने पर साहिल शादी करने के लिए अपहरण कर भोपाल लेकर आया और उसके साथ शारीरिक शोषण किया है पीडिता देवास की निवासी है जिसने वापस देवास पहुँचने पर जिला देवास मे अप.क्र. 00/23 धारा 366,376(1) भादवि. मे प्राथमिकी दर्ज करने उपरान्त असल कायमी हेतु डायरी थाना हनुमानगंज को प्राप्त होने पर आरोपी साहिल के विरूद्ध अप.क्र.532/23 पंजीबद्ध किया गया एवं पीडिता के माननीय न्यायालय के समक्ष 164 जा.फौ. अंतर्गत बयान दर्ज कराये गये, पीडिता द्वारा आरोपी के पिता दौलत मंसूरी द्वारा डराना धमकाना बताया जाने पर मामले मे धारा 109,506 भादवि. का इजाफा किया गया है। पुलिस कार्यवाही का विवरणङ्ग मामले मे आरोपी सहिल मंसूरी एवं उसके पिता दौलत मंसूरी की तकनीकी आधार पर जानकारी संकलित करते हुए पुलिस टीम को देवास रवाना किया गया एवं योजनाबद्ध तरीके से आरोपी साहिल मंसूरी पिता दौलत मंसूरी उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 12 बिछ्ला मोहल्ला आजाद चौक भौरासा देवास तथा दौलत मंसूरी पिता रफीक मंसूरी उम्र 40 साल की गिरफ्तारी कर न्यायालय मे पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी का विवरणः- 01.साहिल मंसूरी पिता दौलत मंसूरी उम्र 19 साल निवासी वार्ड नं. 12 बिछ्ला मोहल्ला आजाद चौक भौरासा देवास।

### कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल शुचिता एवं सतर्कतापूर्ण परीक्षा कराने को प्रतिबद्ध

भोपाल,यशभारत। मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल भोपाल पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा-2023 आयोजित कर रहा है। पूर्ण शुचिता एवं सतर्कता के साथ मण्डल द्वारा 12 अगस्त 2023 से परीक्षा करवाई जा रही है। मण्डल की सतर्कता से परीक्षा में अनुचित कार्यवाही पर 2 एफआईआर भी दर्ज कराई जा चुकी है।संचालक मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दी गई जानकारी में बताया है कि अब तक एक लाख 68 हजार 112 अभ्यर्थियों के लिये 12 पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया है। परीक्षा के पहले दिन रीवा के महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में अनाधिकृत प्रवेश-पत्र के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रयास करने पर मण्डल द्वारा एफआईआर दर्ज कराई गई। उन्होंने बताया कि बालाघाट के सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के परीक्षा लैब में अनुचित साधनों का प्रयोग करने की नीयत से अनाधिकृत प्रवेश करने पर 17 अगस्त 2023 को भी एफआईआर दर्ज कराई गई है।

### मेरी माटी मेरा देश अभियान

## मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन- विश्वास कैलाश सारंग

भोपाल,यशभारत। मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि भारतवर्ष की भूमि वीरों की भूमि है और इसको स्वतंत्र कराने में हजारों वीर क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है इसके लिए मैं अपने देश की माटी को नमन करता हूं और वीर शहीदों का वंदन करता हूं। ये विचार श्री सारंग ने महापौर श्रीमती मालती राय की उपस्थिति में मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत लिंक रोड 02 स्थित जवाहर बाल उद्यान में आयोजित वृक्षारोपण एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर महापौर श्रीमती मालती राय ने मेरी माटी मेरा देश अभियान के माध्यम से देश प्रेम की अलख जगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, महापौर परिषद



के सदस्यगण, पार्षदगण, निगम अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत शुक्रवार को जवाहर बाल उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय सहित उपस्थितजन ने विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधे रोपे। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया। श्री सारंग ने वीर क्रांतिकारियों को नमन करते हुए कहा कि हमें यह आजादी ऐसे ही नहीं मिली, हजारों-हजार क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें यह आजादी दिलाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा है कि इस आजादी को अक्षुण रखने के लिए, देश की एकता अखंडता को चिरस्थायी बनाये रखने के लिए अपनी संस्कृति और गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत कराना होगा। श्री सारंग ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि आज हम उन वीर क्रांतिकारियों का स्मरण कर उन्हें नमन कर रहे हैं।



### भोपाल में आयोजित हुआ प्रदेश का पहला प्री एक्सपोजर एंटी रेबीज वैक्सीन शिविर

भोपाल , यशभारत। रेबीज की बीमारी से बचाव हेतु हाई रिस्क ग्रुप को टीकाकृत करने के लिए प्रदेश में पहली बार प्रीएक्सपोजर एंटी रेबीज वैक्सीन कैंप भोपाल में संपन्न हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्टाफ कार्यालय भोपाल द्वारा राज्य पशु चिकित्सालय जहांगीराबाद में विशेष टीकाकरण शिविर में पशुओं के साथ सीधे संपर्क में आने वाले पशु चिकित्सकों एवं नगर निगम कर्मियों को प्रीएक्सपोजर एंटी रेबीज टीका लगाया गया। शिविर में 121 लोगों को रेबीज की प्रिकॉशन डोज लगाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि रेबीज एक जानलेवा बीमारी है। जानवर के काटने या खरोंचने के बाद सही समय पर टीके न लगवाना घातक होता है। जानवर के काटने के बाद पोस्ट एक्स्पोज़र वैक्सीन पूर्व से लगाई जा रही है। भोपाल जिले में पहली बार स्वास्थ्य विभाग ने पशुपालन विभाग और नगर निगम के साथ समन्वय से प्रीएक्स्पोज़र वैक्सीन लगाने की शुरुआत की है। राष्ट्रीय रेबीज नियंत्रण कार्यक्रम के 2030 तक रेबीज उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार के नेशनल एक्शन प्लान फॉर रेबीज एलिमिनेशन (एनएपीआरई) के निर्देशो के अनुरूप पशुओं के साथ सीधे संपर्क में आने वाले व्यक्तियों को उच्च जोखिम समूह की श्रेणी में रखा गया है। जिन्हें अनिवार्यता प्रीएक्स्पोज़र प्रोफाइलैक्सिस टीके लगाए जाने हैं। टीके की तीन डोज लगाई जाती हैं।

## नृत्य एवं ताल के आदिरूपों पर एकाग्र तीन दिवसीय निनाद समारोह का शुभारंभ

### नृत्य की प्रेरणा के आरंभिक स्त्रोत डंडे का उपयोग कर दी प्रस्तुति

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य एवं ताल के आदिरूपों पर एकाग्र तीन दिवसीय निनाद समारोह का आयोजन 18 अगस्त से 20 अगस्त, 2023 तक प्रतिदिन शाम 06.30 बजे से संग्रहालय में किया गया है। इन तीन दिनों में ऐसे नृत्य होंगे जिनमें नृत्य की प्रेरणा के आरंभिक स्त्रोत डंडे का उपयोग प्रमुखता से होता है। समारोह में प्रदेश एवं देश के 9 राज्यों के जनजातीय और लोक नृत्यरूपों की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जा रही है। समारोह के पहले दिन रोशन पुरा चौराहे से अटल पथ तक जनजातीय और लोक कलाकारों की एक कला यात्रा निकाली गई।



समारोह में मध्यप्रदेश, गुजरात, कश्मीर, तेलंगाना, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश, झारखंड, आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र राज्यों के जनजातीय एवं लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां होंगी। शुरूआत दीप प्रज्जवलन एवं कलाकारों के स्वागत से की गई। इस दौरान जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी निदेशक डॉ. धर्मेंद्र पारे , अधिकारी, कर्मचारी और दर्शक उपस्थित रहे।

समारोह में धमाली नृत्य- जम्मू-कश्मीर, पइकहा नृत्य-झारखंड, कलिंगा नृत्य -उड़ीसा , डांडिया रास- गुजरात, सोंगी मुखौटा-महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश के सुकलसिंह धुर्वे-डिण्डोरी द्वारा गोण्ड जनजातीय सैला नृत्य एवं बुद्धसेन यादव-सीधी द्वारा डंडा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी।

- धमाली नृत्य- जम्मू-कश्मीर

कश्मीर का यह एक भक्तिपूर्ण नृत्य है, जो ईश्वर से आशीष प्राप्ति के लिए पुरुषों द्वारा किया जाता है। उत्सवों पर किए जाने वाला यह नृत्य, जियारत पर जाने वाले यात्रियों में अत्यन्त प्रचलित है। नृत्य दल की अगुवाई हाथ में झण्डा लिए हुए नर्तक द्वारा किया जाता है। नर्तक, गड़े हुए झण्डे के खम्मे के चारों ओर घेरा बनाकर नृत्य करते हैं। मन्द गति से आरम्भ इस नृत्य में, कमर के हिलाने व कूदने जैसे पद संचालन भी महत्वपूर्ण होते हैं। नर्तक पयाजामा- कुर्ते, जैकेट व कुलाह टोपी से सुसज्जित रहते हैं। रास धमाली के रूप में नर्तक हाथ में लिए हुए डंडों द्वारा युद्ध की कौशलता का भी परिचय देते हैं। ढोल व झांझ इस नृत्य के वाद्य यंत्र हैं।

## भू-अधिकार पुस्तिका अब कम्प्यूटरीकृत रूप में जारी

**भोपाल, यशभारत।** किसानों को भू-अधिकार पुस्तिका उपलब्ध कराने के लिए राजस्व विभाग द्वारा दिशा निर्देश जारी किये गये है। जारी निर्देशों के तहत अब नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी। पूर्व में जारी भू अधिकार पुस्तिका यथावत् प्रचलन में रहेगी। परन्तु नवीन भू-अधिकार पुस्तिका कम्प्यूटरीकृत रूप में ही जारी होगी।भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ हेतु 30 रूपये एवं अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित है। भू-अधिकार पुस्तिका न्यूनतम दो पृष्ठों की होगी, इस प्रकार दो पृष्ठों की भू-अधिकार पुस्तिका की कीमत 45 रुपये निर्धारित की गई है। अतिरिक पृष्ठ जो? जाने पर प्रतिपृष्ठ 15 रुपये देय होगा। भू-अधिकार पुस्तिका शुल्क अदा करने पर भूलेख पोर्टल www.mpbhulekh.gov.in पर ऑनलाइन, आईटी सेन्टर, MPOnline, लौक सेवा केन्द्र एवं शासन द्वारा प्राधिकृत सेवा प्रदाता से प्राप्त की जा सकेगी।मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता नियम, 2020 के प्रावधान अनुसार भू-सर्वेक्षण उपरांत प्रथमवार भू-अधिकार पुस्तिका संबंधित भूमिस्वामी को निःशुल्क प्रदाय की जायेगी। इसके अतिरिक्त भूः राजस्य संहिता 1959 के अंतर्गत विनिर्मित नियमों में जहाँ-जहाँ भू-अधिकार पुस्तिका निःशुल्क जारी करने का प्रावधान है, संबंधित व्यक्ति को भू-अधिकार पुस्तिका निःशुल्क दी जायेगी। निःशुल्क दी जाने वाली भू-अधिकार पुस्तिका जारी करने के लिए तहसीलदार को भूलेख पोर्टल पर लोगिन कर अपने लोगिन से भू-अधिकार पुस्तिका का प्रिंट जारी करने का अधिकार होगा।भू-अधिकार पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर संबंधित भूमिस्वामी की समग्र आईकी डाला जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

**अतिरिक्त प्रति पृष्ठ 15 रुपये शुल्क निर्धारित**

अपराध | जालसाजी पर बैंक प्रबंधक समेत 21 के खिलाफ एफआईआर

## केंद्रीय संस्थानों के फर्जी कर्मचारी बन एसबीआई को लगाया 69 करोड़ का चूना

**भोपाल यशभारत। स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआइ) की भोपाल स्थित शक्ति नगर शाखा में व्यक्तिगत लोन में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। 14 लोगों ने फर्जी दस्तावेज और आइडी कार्ड लगाकर व्यक्तिगत ऋ्रण लिया और बैंक को करीब 69 करोड़ रुपये का चूना लगा दिया। आरोप है कि बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक सुनील चौरे ने कर्ज लेने वालों के दस्तावेज देखे बिना उन्हें ऋ्रण स्वीकृत कर दिया।**




क्षेत्रीय प्रबंधक ने दर्ज कराई थी शिकायत एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक माधव नंद परेडा की शिकायत पर जांच के बाद मप्र आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने बैंक प्रबंधक चौरे, ऋ्रण लेने वाले सभी 14 लोगों, कर्ज लेने वालों का सत्यापन करने वाली आउटसोर्स एजेंसी के कर्मचारियों और कुछ दलालों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के अंतर्गत प्रकरण कायम किया है।

#### तीन साल पुराना है मामला

मामला जून से अक्टूबर 2020 के बीच का है। एसबीआइ की जांच में गड़बड़ी सामने आने के बाद क्षेत्रीय प्रबंधक परेडा ने तीन जनवरी 2022 में इसकी शिकायत ईओडब्ल्यू में दर्ज कराई थी। इसकी जांच उप पुलिस अधीक्षक अतुल चौबे ने की। जांच में पाया गया कि शाखा प्रबंधक सुनील चौरे ने अपनी पदस्थापना के दौरान कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर 14 ऐसे लोगों को ऋ्रण स्वीकृत किए जो एसबीआइ की जांच में फर्जी पाए गए।

#### सिबिल स्कोर ठीक न होने के बावजूद दे दिया लोन

लोन लेने वालों में 12 लोग ट्राइडेंट लिमिटेड बुधनी में कार्यरत थे, जबकि उन्होंने कर्ज लेने के लिए दस्तावेजों में कूटरचित वेतन पर्ची और परिचय पत्र सिक्योरिटी पेपर मिल नर्मदापुरम और दो ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल के लगाए थे। इनकी सिबिल रिपोर्ट ठीक नहीं होने और ऋ्रण की पात्रता नहीं होने के बाद भी कर्ज स्वीकृत किया गया था।

#### फर्जी सत्यापन रिपोर्ट नत्थी की

शाखा प्रबंधक ने कर्जधारकों के दस्तावेजों की जांच भी आउटसोर्स एजेंसी के माध्यम से नहीं कराई। बाद में आउटसोर्स एजेंसी रिद्धि कार्पोरेट सर्विसेस से फर्जी सत्यापन रिपोर्ट तैयार कराकर फाइल में लगाई गई।

### नई दिल्ली मध्यप्रदेश भवन में फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

भोपाल (ईएमएस)। दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में फूड फेस्टिवल 18 से 20 अगस्त, 2023 तक किया जा रहा है। आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत फूड फेस्टिवल का आज आवासीय आयुक्त पंकज राग और मीडिया सलाहकार, मुख्यमंत्री आईसीपी केसरी ने शुभारंभ किया।फेस्टिवल में मध्यप्रदेश के विशेष व्यंजन जैसे भुट्टे की किस, इंदौरी पोहा, सेव भाजी, बेसन गट्टा, मटर निमोना, दाल बाफला, पिलाफ, मटन सैलाना और भोपाली मुर्ग रेजाला के साथ-साथ मालवा थाली, बुंदेलखंड थाली और मध्यप्रदेश स्पेशल थाली का स्वाद आगंतुक ले सकेंगे। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए मिलेट खीर, चूरमा लड्डू और रागी हलवा जैसे व्यंजन भी उपलब्ध हैं। सांची के दुग्ध उत्पाद की बिक्री और प्रदेश के हस्तशिल्प और खादी उत्पादों की प्रदर्शनी भी फेस्टिवल में लगाई गई है।केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से आजादी का अमृत महोत्सव एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत फूड फेस्टिवल प्रतिभागी राज्यों के नई दिल्ली स्थित राज्य सदनों/भवनों में कर रहा है। इसका उद्देश्य पाक-कला के क्षेत्र में भारत की समृद्ध विविधता का उत्सव मनाना है।

# दुती चंद नाडा के फैसले को देंगी चुनौती, लगा था चार साल का प्रतिबंध



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशियाई खेलों में दो रजत पदक जीतने वाली महिला एथलीट दुती चंद नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी, द्वारा उन पर लगाए गए चार साल के प्रतिबंध को चुनौती देंगी। आपको बता दें कि वह नाडा की टूर्नामेंट के इतर प्रतिबंधित पदार्थ की डोप जांच में विफल रही थीं। 27 साल की दुती पर गुरुवार को प्रतिबंध लगाया गया था। 100 मीटर की नेशनल रिकॉर्ड होल्डर एथलीट के पिछले साल दिसंबर में लिए गए दो सैम्पल में 'अन्य एनाबोलिक एजेंट/ एसएआरएमएस' मौजूद थे जो वाडा की 2023 प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल हैं। ये सैम्पल पांच और 26 दिसंबर को लिए गए थे और दोनों ही एक समान पदार्थ के पॉजिटिव पाए गए थे।

### कौन से प्रतिबंधित पदार्थ का किया था सेवन

'एसएआरएमएस' (सलेक्टिव एंड्रोजन रिसेप्टर मोड्यूलेटर) ऐसे 'नॉन स्टेराइड' पदार्थ हैं जिन्हें आमतौर पर आस्टियोपोरोसिस (हड्डी संबंधित बीमारी), अनीमिया (खून की कमी) और मरीजों में जख्मों से उबरने के लिए किया जाता है। दुती पर लगा प्रतिबंध इस साल तीन जनवरी से प्रभावी होगा और पांच दिसंबर 2022 को लिए गए पहले सैम्पल की इस तारीख से उनके सभी प्रतियोगिताओं के नतीजे हटा दिए जाएंगे। दुती के वकील पार्थ गोस्वामी ने शुक्रवार को पीटीआई से कहा कि यह खिलाड़ी अपने पूरे पेशेवर करियर में 'क्लीन एथलीट' (किसी भी डोपिंग से दूर) रही है और यह मामला इस पदार्थ के 'अनजाने में सेवन' करने का था।

### दुती और उनके वकील ने दीं यह दलीलें

दुती ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 100 मीटर और 200 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीते थे और उनके नाम 2021 से 100 मीटर में 11.17 सेकेंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। वकील गोस्वामी ने आगे कहा, हमारे लिए यह मामला स्पष्ट तौर पर अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ के सेवन का है। हम इस पदार्थ का स्रोत भी स्पष्ट रूप से जान पाए जो पूरी तरह से उनके इरादे का ठोस सबूत है। इस पदार्थ का इस्तेमाल कभी भी खेल में फायदा उठाने के लिए नहीं किया गया था। हम अपील दायर करने की प्रक्रिया में हैं। हमें उम्मीद है कि हम अपीलीय पैनल को यह बात समझाने में सफल रहेंगे। दुती भारत का गौरव हैं और वह पूरी तरह से 'क्लीन एथलीट' हैं। एक दशक के चमकदार करियर के दौरान दुती अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई डोप जांच से गुजर चुकी हैं और इतने लंबे करियर में वह कभी भी डोप के मामले में पॉजिटिव नहीं आयीं।


वहीं दुती और उनके वकील ने नाडा के एंटी डोपिंग डिस्पलीनरी पैनल, के सामने भी दावा पेश किया था कि यह अनजाने में सेवन का मामला था। एडीडीपी के आदेश के अनुसार, एथलीट और उनके वकील ने एनडीटीएल (राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला) के जांच के नतीजे की रिपोर्ट से इनकार किए बिना कहा कि उन्होंने यह पदार्थ अनजाने में लिया था जो उनके फिजियोथेरेपिस्ट की सलाह पर लिया गया था जिनसे यह एथलीट नियमित रूप से परामर्श लेती हैं। इसमें कहा गया, एथलीट और उनके वकील ने प्रस्तुत किया कि यह फिजियोथेरेपिस्ट पुलेला गोपीचंद अकादमी का था जहां यह खिलाड़ी विशेष अनुमति के अंतर्गत ट्रेनिंग ले रही थीं। दुती के वकील ने यह भी प्रस्तुत किया कि यह खिलाड़ी 'हाइपरएंड्रोजनिक' से पीड़ित थी जिसके कारण उनके 'पेट में काफी तेज दर्द' था जिसके लिए ही यह उपचार किया गया था।

## गवाह के बयान और सबूतों के तक्ष्य से दुती मुश्किल में

वहीं इस पूरे मामले पर एडीडीपी ने कहा कि एथलीट ने दवाई खरीदने के लिए अपने दोस्त की मदद ली जो इस मामले में गवाह भी हैं। एडीडीपी के आदेश में कहा गया, गवाह ने बयान देने से पहले वो हलफनामा भी प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने बताया है कि वह खुद दुकान पर 'हार्मोन असंतुलन' के इस सप्लीमेंट को लेने गए थे लेकिन इसके विपरीत गवाह से पूछताछ में उसने खुद इस सप्लीमेंट को खरीदने की बात से इनकार किया लेकिन यह काम अपने मैनेजर को दे देने की बात कही। इसके अनुसार, एडीडीपी के सुपुर्द किए गए दस्तावेज में दिए गए तथ्य और गवाह से पूछताछ में स्पष्ट विरोधाभास दिखता है इसलिए गवाह द्वारा दिये गए बयानों की विश्वसनीयता में वैध चिंताएं उठ रही हैं।

## ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप में गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी की सुषमा पटेल का कप्तान के रूप में चयन

**जबलपुर,यशभारत।** गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी की सुषमा पटेल का ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड कप में कप्तान के रूप में चयन हुआ। सुषमा पटेल दाहिने हाथ की तेज़ गेंदबाज और दाहिने हाथ की मध्य क्रम बल्लेबाज़ भी है, हाल ही में नेपाल खेली गई द्विपक्षीय सीरीज में सुषमा पटेल ने कप्तान के रूप शानदार प्रदर्शन किया। इसमें भारतीय क्रिकेट टीम उपविजेता रही वर्ल्ड इंटरनेशनल ब्लाइंड स्पोर्ट्स द्वारा ब्लाइंड वर्ल्ड कप 18 अगस्त से 27 अगस्त 2023 तक इंग्लैड के बर्मिंघम में खेला जाएगा, जिसमें भारतीय ब्लाइंड टीम का पहला मैच ऑस्ट्रेलिया से 20 अगस्त को दूसरा मैच इंग्लैड से 21 को होगा, भारतीय टीम का पिछला प्रदर्शन को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप की मुख्य दावेदार मानी जा रही है यह जानकारी गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी के कोच एवम पूर्व रणजी खिलाड़ी किशोर बेन ने दी एवम पूर्व में गोलबाजार क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके खिलाड़ी तनय श्रीवास्तव स्कूल इंडिया टीम में चयनित हो चुके , जबलपुर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. निशीथ पटेल, सचिव धर्मेश पटेल के अलावा जबलपुर संभाग के सभी सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं सुषमा पटेल को प्रेषित की।



## जिला स्तरीय शालेय जूडो स्पर्धा 14 एवं 17 वर्ष की 22 से

**जबलपुर, यशभारत।** जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में एवं प्राचार्य एस. एन. श्रीवास्तव के संयोजन में 22 एवं 23 अगस्त को जिला स्तरीय अंतर शालेय जूडो प्रतियोगिता 14 एवं 17 वर्ष बालिका का आयोजन शासकीय रानी दुर्गावती कन्या शाला गंगानगर गढ़ा में तथा बालक वर्ग 14 एवं 17 वर्ष का श्री त्रिभुवनदास मालपानी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मिलोनीगंज में किया जा रहा है। शासकीय रानी दुर्गावती कन्या शाला की क्रीड़ा प्रभारी रानी बेलवंशी ने बताया कि 22 अगस्त को 14 एवं 17 वर्ष की बालिका वर्ग की स्पर्धा प्रातः 11:00 से विद्यालय प्रांगण गंगानगर गढ़ा में आयोजित है तथा बालक वर्ग की 14 एवं 17 वर्ष की स्पर्धा 23 तारीख को श्री त्रिभुवनदास मालपाणी हायर सेकेंडरी स्कूल मिलोनीगंज में आयोजित है । विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी आबिद हुसैन खान ने बताया कि इस प्रतियोगिता में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिन्होंने शालेय पोर्टल मे दी गई जानकारी या ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अपनी शाला के माध्यम से किया हो द्व प्रतियोगिता स्थल पर सभी खिलाड़ियों को अपने साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति 5 प्रतिलिपियों के साथ में लाना अनिवार्य है। जिसमें विद्यालय प्राचार्य एवं संकुल प्राचार्य के हस्ताक्षर एवं सील हो ।

## जबलपुर के तैराक आदित्य एवं रमा इंग्लैंड में दिखाएंगे जौहर

**जबलपुर, यश भारत ।** इंग्लैंड में हो रही वर्ल्ड मार्डन पेन्टाथलोन लेजर रन चैम्पियन शिप के लिए गए भारतीय दल में जबलपुर नगर के आदित्य कुशवाहा एवं रमा सोनकर का चयन भी किया गया है। भारतीय टीम के 15 सदस्यीय दल में मध्य प्रदेश के 5 खिलाड़ियो का चयन किया गया।। यह भारतीय दल इंग्लैंड के लिए रवाना हुआ । आदित्य कुशवाहा एवं रमा सोनकर ,,यश बाथरे होशंगाबाद, रक्षित दिक्षित उज्जैन, परव दास (प्रशिक्षक) मार्डन पेन्टाथलोन के खिलाड़ी है।

## विराट कोहली के बिना टी20 में अधूरी है टीम इंडिया, रिकॉर्ड ऐसे कि सपने में भी नहीं तोड़ पाएगा कोई बल्लेबाज !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अपने 15 साल पूरे कर लिए हैं। दुनिया के ऑल टाइम टॉप बल्लेबाजों की बात होगी तो विराट कोहली का नाम सबसे उपर आएगा। विराट ने इन 15 सालों के दौरान टीम इंडिया को कई मैच जिताए हैं। विराट ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट पर राज किया है। फिर चाहे वो टेस्ट हो, वनडे हो या फिर टी20 क्रिकेट हो, विराट कोहली ने हर फॉर्मेट में जमकर रन बनाए हैं। लेकिन आज हम बात करेंगे टी20 फॉर्मेट में विराट कोहली के कारनामों के बारे में। विराट कोहली इस वक्त टी20 में भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन टीम इंडिया विराट कोहली के बिना टी20 क्रिकेट में पूरी तरह से अधूरी है। विराट कोहली के नाम टी20 क्रिकेट में कई बड़े रिकॉर्ड दर्ज हैं। उन्होंने हाल ही में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ जिस तरह से भारत को मैच जिताया था। उसे देख ये तो साफ हो ही गया था कि विराट कोहली से बड़ा प्लेयर कोई हो ही नहीं सकता। विराट कोहली के रिकॉर्ड भी इस बात की गंवाही देते हैं। विराट कोहली ने साल 2012 में पहली बार भारत के लिए टी20 वर्ल्ड कप खेला था। उसके बाद से टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप में चेज करते हुए 91त्न मुकाबले जीते हैं। उससे पहले टीम इंडिया ने साल 2007 से 2010 तक टी20 वर्ल्ड कप में सिर्फ 28त्न मुकाबले चेज करते हुए जीते थे। आपको बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप में चेज करते हुए विराट कोहली का औसत 518 का है। यह रिकॉर्ड दुनिया के किसी भी बल्लेबाज से कही ज्यादा बेहतर है।

# भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर मंडराए संकट के बादल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2023 पाकिस्तान और श्रीलंका में 30 अगस्त से 17 सितंबर से खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट के लिए तीन टीमों (पाकिस्तान, नेपाल और बांग्लादेश) का ऐलान कर दिया गया है। वहीं तीन टीमों का ऐलान होना अभी बाकि है। उन टीमों में भारत, श्रीलंका और अफगानिस्तान की टीम का नाम शामिल है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले का सभी को बेसब्री से इंतजार है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला श्रीलंका के कैंडी में 02 सितंबर को खेला जाएगा। इस मैच को देखने के लिए फैंस ने अपने टिकट भी बुक कर लिए हैं, लेकिन इसी बीच फैंस के लिए एक बुरी खबर सामने आई है।

### भारत-पाकिस्तान मैच पर संकट

भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर एक बुरी अपडेट सामने आई है जो फैंस को काफी ज्यादा निराश कर देगी। एशिया कप में 02 सितंबर को होने वाले भारत बनाम पाकिस्तान मैच के दौरान बारिश खलल डाल सकती है। आपको बता दें कि ष्ह्व2द्दड्डह्लद्धद्गह्म् के रिपोर्ट के अनुसार भारत-पाकिस्तान वाले मैच के दिन बारिश की संभावना 40त्न है। वहीं मैच के एक दिन पहले भी बारिश की संभावना 51त्न है। ऐसे में टीम इंडिया और पाकिस्तान वाले मैच में बारिश खेल बिगाड़ सकती है। एशिया कप के वनडे फॉर्मेट में इन दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 13 मुकाबले खेले गए हैं। जिसमें से सात बार टीम इंडिया ने जीत दर्ज की है और पांच मैच पाकिस्?तान ने अपने नाम किए हैं। वहीं एक मैच ऐसा था, जिसमें रिजल्?ट नहीं आ सका। यानी भारतीय टीम पाकिस्?तान से काफी आगे है। हालांकि टीम इंडिया फिर भी पाकिस्तान को हल्के में लेने की भूल नहीं करगी। टीम इंडिया चाहेगी कि वह अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर एशिया कप की दमदार शुरुआत करे।

# सूर्यकुमार यादव की नंबर 1 की कुर्सी पर खतरा, न्यूजीलैंड के इस खिलाड़ी ने दी चुनौती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ी सूर्यकुमार यादव टी20 के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं। उन्होंने साल 2021 में ही अपना डेब्यू किया था और उसके बाद कितने ही नए नए कीर्तिमान अपने नाम कर लिए। बीच में हालांकि उन्हें वनडे में भी खेलने का मौका मिला, लेकिन वहां वे उस तरह का जलवा नहीं दिखा पाए, जैसा टी20 इंटरनेशनल में दिखाते हैं। ये बात खुद सूर्या ने एक इंटरव्यू के दौरान मानी भी थी। इस वक्त वे आईसीसी की टी20 रैंकिंग में नंबर एक पर कब्जा किए हुए हैं। ये बात और है कि आने वाले कई महीनों तक उनकी इस कुर्सी पर कोई खतरा नहीं है। लेकिन एक और मामले में वे नंबर वन हैं। सूर्यकुमार यादव इस साल यानी 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। लेकिन अब यहां पर उनकी नंबर एक की कुर्सी पर खतरा सा मंडराते हुए दिख रहा है। सूर्यकुमार यादव ने साल 2023 में अब तक 11 मैचों की दस पारियों में बल्लेबाजी कर 433 रन अपने नाम किए हैं, जो सबसे ज्यादा हैं। उनका औसत भी 54.12 का है और स्ट्राइक रेट 150.34 का है। वे इस साल एक शतक और तीन अर्धशतक लगा चुके हैं। लेकिन अब वे कम से कम तीन महीने तक कोई भी टी20 इंटरनेशनल मैच नहीं खेलेंगे। अभी टीम इंडिया तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए आयरलैंड में है और उस टीम में सूर्यकुमार यादव नहीं चुने गए हैं। इसके बाद टीम इंडिया एशिया कप खेलेगी और उसके बाद विश्व कप यानी कोई भी टी20 इंटरनेशनल सीरीज है ही नहीं। इस बीच अगर इस साल टी20 इंटरनेशनल में दूसरे नंबर के खिलाड़ी की बात की जाए तो वे न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन हैं। मार्क चैपमैन ने इस साल टी20 इंटरनेशनल में अपनी टीम न्यूजीलैंड के लिए 12 मैचों की 11 पारियों में 368 रन बनाए हैं। मार्क चैपमैन को सूर्यकुमार यादव को पीछे छोड़ने के लिए अब यहां से महज 66 रनों की जरूरत है और खास बात ये है इंटरनेशल मैच खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं।

## रंग संसार

# करीना कपूर ने भाभी आलिया भट्ट के साथ शेयर की तस्वीरें

**मुंबई, एजेंसी।** आलिया भट्ट और करीना कपूर खान बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर ननद और भाभी हैं। दोनों में खूब जमती है और आए दिन दोनों फैमिली डिनर और लंच में एक साथ नजर आती हैं। वहीं आज शुक्रवार को इस स्टार ननद-भाभी की जोड़ी ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया है। आलिया और करीना कपूर खान ने अपने इंस्टाग्राम पर कई नई तस्वीरों से फैंस के संग शेयर की हैं। जहां दोनों एक साथ नजर आ रही हैं। दोनों ने जो कैप्शन दिया है वह भी ऐसा है कि अब फिल्ममेकर्स भी इस पर रिएक्शन दे रहे हैं।



### आलिया और करीना की केमिस्ट्री

आलिया और करीना की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। एक तस्वीर में दोनों एक-दूसरे के बगल में अपने-अपने मेकअप मिरर को देखते हुए पोज देते नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में आलिया और करीना दोनों का अक्स अपने-अपने मिरर में नजर आ रहा था। आखिरी तस्वीर में करीना और आलिया के एक्सप्रेशन अजीब थे और वे साथ में बहुत प्यारी लग रही थीं। सभी तस्वीरों में एक चीज कॉमन थी वह है दोनों के बीच की जबरदस्त केमिस्ट्री। देखिए ये तस्वीरें...

बता दें कि करण जौहर ने करीना और आलिया दोनों के साथ अलग-अलग फिल्मों में काम किया है। करीना के साथ करण ने कभी खुशी कभी गम बनाई, वहीं करण ने आलिया को उनकी पहली फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से लॉन्च किया। जिसके बाद हाल ही में रिलीज हुई रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में फिर से अभिनय किया।

## कैप्शन को पढ़कर करण जौहर ने दिया रिप्लाई

आलिया और करीना की इन तस्वीरों में कैप्शन में लिखा है, क्या इससे बेहतर हो सकता है...(विंक फेस इमोटिकॉन) पी.एस.ञ्क्या कोई कृपया हमें एक साथ एक फिल्म में कास्ट कर सकता है... हालांकि हम अपना ज्यादातर समय सेट पर रिफ्लेक्ट करने में बिता सकते हैं। यह कैप्शन पढ़कर निर्माता व निर्देशक करण जौहर ने लिखा, हमें इन कलाकारों के साथ एक फिल्म की ज़रूरत है!

## इन फिल्मों में दिखेंगी करीना और आलिया

वर्कफ्रंट की बात करें तो करीना आखिरी बार आमिर खान के साथ लाल सिंह चड्ढा में नजर आई थीं। वह अगली बार द क्रू में तब्बू, कृति सेनन और दिलजीत दोसांझ के साथ नजर आएंगी। यह फिल्म 22 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके अलावा, करीना निर्देशक सुजॉय घोष की थ्रिलर का भी हिस्सा हैं, जो किताब द डिवोशन ऑफ सस्पेक्ट एक्स पर आधारित है। इसमें विजय वर्मा और जयदीप अहलावत भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा, उनके पास निर्देशक हंसल मेहता की अगली अनाम फिल्म भी पाइपलाइन में है। वहीं आलिया को आखिरी बार नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन में देखा गया था। वह प्रियंका चोपड़ा और कैटरीना कैफ के साथ फरहान अख्तर की फिल्म जी ले जरा में भी नजर आएंगी।

# एक बार फिर दिल जीत लेगी अभिषेक बच्चन की एक्टिंग

**मुंबई, ईएमएस।** पा, चुप, पैडमैन और चीनी कम जैसी कई दमदार फिल्मों की सौगात देने वाले निर्देशक आर. बाल्की एक बार फिर दर्शकों के लिए नई फिल्म घूमर लेकर आए हैं। बॉलीवुड में स्पोर्ट्स बेस्ड स्टोरी पर कई बार फिल्में बनी और सुपरहिट हुई हैं। खिलाड़ियों की बायोपिक जैसे- एम एस धोनी, मैरी कॉम और 83 के मामले में भी इंडस्ट्री ने कई बेहतरीन फिल्मों को पेश किया है। अब एक बार फिर अभिषेक बच्चन और सैयामी खेर के साथ आर बाल्की ऐसी ही कहानी लेकर सामने आए हैं, जिसमें निराशा और हताशा है, जिसमें उर्जा और उत्साह है, जिसमें जिंदगी से लड़ने का जज्बा है। तो आइए जानते हैं एक हाथ वाली लड़की को क्रिकेट सिखाने की कहानी पर बनी ये फिल्म कैसी है...

### कैसी है फिल्म की कहानी

घूमर एक महिला क्रिकेटर की असाधारण यात्रा को दर्शाने वाली फिल्म है, जिसके जीवन में एक ऐसा हादसा होता है जिसमें उसका दायां हाथ कट जाता है और केवल बायां हाथ रह जाता है। सैयामी इस फिल्म में बाएं हाथ की स्पिनर हैं। लेकिन एक्सीडेंट के बाद वह डिप्रेशन से जूझती है और आत्महत्या करने की कोशिश करत है। लेकिन तभी अभिषेक का किरदार पैडी उनकी जिंदगी में प्रवेश करता है। अभिषेक बच्चन को भी परफेक्ट किसी कोच की तरह नहीं है। वह भी अपने अतीत के कारण डिप्रेशन और नशे की लत का शिकार है। लेकिन उसे भी इस लड़की को ट्रेनिंग देते हुए अपनी जिंदगी का मकसद मिलता है। फिल्म को देखते हुए कई बार आपकी आंखें भीग जाएंगी, तो कई बार आपको भी अपनी जिंदगी की मुश्किलों से लड़ने का हौसला मिलेगा।

## सैयामी खेर के ट्रांसफॉर्मेशन ने चौंकाया

फिल्म में सैयामी का ट्रांसफॉर्मेशन शानदार है। दरअसल सैयामी रियल लाइफ में भी क्रिकेट खेलती हैं इसलिए एक होनहार बल्लेबाज और एक स्पिनर का किरदार निभाना उनके लिए काफी अच्छा मौका था। सैयामी का किरदार आपको हर शॉट और एंगल के साथ दर्द का एहसास कराता है। एक हाथ कट जाने के बाद उनकी बेबसी और फिर मैदान पर खेलते हुए उनकी उर्जा कमाल की लगी है। वहीं अंगद बेदी और शबाना आजमी ने भी अपनी एक्टिंग से फिल्म को दमदार बनाया है।







# अनुपमा को पाखी देगी बिखरे रिश्तों पर जमकर ताने

**मुंबई,ईएमएस।** अनुपमा सालों से लोगों का दिल जीत रहा है। इस शो में आने वाले ट्विस्ट कई सालों से लगातार लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। दर्शकों को अनुपमा की जिंदगी में आने वाली मुसीबतें अब अपनी लगने लगी हैं। मेकर्स भी हर दिन नया मोड़ लाकर फैंस को बांधे रखते हैं। अब फिर शो में नया ट्रैक आ गया है, जिसका अनुपमा और अनुज मिलकर सामना कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर अनुपमा के सामने बड़ी मुश्किलें खड़ी होने वाली हैं। एक ओर डिंपी शाह हाउस में सबका जीना हराम करेगी। वहीं दूसरी ओर रोमिल कपाड़िया हाउस में तूफान खड़ा करेगा।



### रोमिल की लगेगी क्लास

आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे कि अनुज रोमिल को फटकार लगाएगा। वहीं अनुपमा रोमिल को समझाएगी। वहीं अनुज रोमिल को डांटते हुए कहेगा कि वो घर की सफाई करे। रोमिल गुस्से में सफाई करेगा, पाखी हेल्प करने की कोशिश करेगी, जिसे वो इग्नोर करेगा। वहीं अनुज अनुपमा को कल्चरल फेस्ट की तैयारी की याद दिलाएगा। वो वहां जाने के लिए तैयार होगी। वहीं शाह हाउस में सब लोग एक-साथ खाना खाएंगे। वनराज भी थोड़ा खुश होगा, वो काव्या को मुस्कुराता देखकर खुश होगा, तभी उसे काव्या का नाजायज बच्चा याद आ जाएगा।

### समर डिंपी की होगी भिड़ंत

इसी बीच समर आएगा और वनराज के साथ बैठकर बातें करेगा, तभी बा उसे सबके साथ नाश्ता करने को कहेगी। इसी बीच वहां डिंपी आ जाएगी और वो समर को वहां से चलकर उसके साथ नाश्ता करने के लिए कहेगी। वहीं दूसरी ओर गुस्से से भरा रोमिल अपने कमरे में होगा। तभी वहां पाखी पहुंचेगी। वो पाखी को कसूरवार मान रहा होगा। वो उसको कहेगा कि उसकी वजह से उसे डांट सुनने को मिली। वो पाखी से लड़ेगा। वहीं शाह हाउस में एक नया मोड़ आएगा। समर, बा और वनराज के साथ नाश्ता कर लेगा। डिंपी खड़ी-खड़ी देखती रहेगी। वहीं कपाड़िया हाउस में पाखी को रोमिल धमकी देगा। वो कहेगा कि वो पाखी और अधिक की सच्चाई कभी बता सकता है। वो गुस्से में उसे कमरे से निकाल देगा। वहीं अनुपमा दोबारा डांस करती नजर आने वाला है। अनुपमा को डांस करने के लिए बुलाया जाएगा। उन्हें जुगलबंदी करनी होगी। इसी दौरान बातें कुछ अनकही सी की वंदना भी शो में आज नजर आएंगी। वंदना के साथ अनुपमा परफॉर्म करेगी। इससे इतर शाह हाउस में समर कहेगा कि वो नाश्ता बा के साथ ही करेगा। इस बात पर डिंपी को गुस्सा आ जाएगा और वो वहां से चली जाएगी।

### पाखी मारेगी अनुपमा को ताना

अनुपमा अपनी डांस की कहानी वंदना को बताएगी। वो वंदना से खूब बातें करेगी। वंदना बताएगी कि वो कामयाब सिंगर बनना चाहती है। अनुपमा उसे समझाएगी कि वो मेहनत करेगी तो एक दिन उसका सपना पूरा जरूर होगा। वहीं अनुपमा की परफॉर्मेंस शुरू होगी। दोनों बहुत धमाकेदार तरीके से डांस करेंगी। वहीं आप प्रीकेप में देखेंगे कि अनुपमा को पता चल जाएगा कि अधिक ने पाखी पर हाथ उठाया। अनुपमा पाखी को समझाएगी, जिस पर पाखी कहेगी कि वो पति-पत्नी के बीच ऐसी बातें होती रहती हैं। अनुपमा पाखी को समझाएगी कि उसे ये झेलना नहीं चाहिए, लेकिन पाखी कहेगी कि वो अपनी जिंदगी के बिखरे मोतियों को समेट रही है। वो अनुपमा को चुप कराएगी और कहेगी कि अनुपमा उसे रिश्तों का ज्ञान न दे और वो अधिक को कभी नहीं छोड़ेगी।


देश के यशस्वी गृह एवं सहकारिता मंत्री
श्री अमित शाह जी
का भोपाल में हार्दिक अभिनंदन
20 साल विश्वास के विकास के
गरीब कल्याण महाअभियान की शुरूआत एवं रिपोर्ट कार्ड विमोचन
20 अगस्त 2023 | पूर्वाह्न 11:00 बजे
मुख्य अतिथिः श्री अमित शाह
कार्यक्रम स्थल : कुशाभाऊ ठाकरे सेंटर, भोपाल, मध्यप्रदेश
गरीब कल्याण महाअभियान
कार्यक्रम से लाइव जुड़ने के लिए QR कोड पर स्कैन कीजिए
D-11084